नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण


5 बिहार को विकास और सुशासन चाहिए


6 जब स्टिंग ऑपरेशन ने खोल दी कलई....


7 सरकार जल्द लाएगी टिकाऊ ईंधन नीति


8 मनु-स्वप्निल संभालेंगे भारत की निशानेबाजी कमान

# 121 सीटों पर 65% मतदान

**1314** प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद | **03** करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाताओं ने की वोटिंग | **67.32** फीसदी मतदान बेगूसराय में सबसे ज्यादा | **52.36** फीसदी वोटिंग शेखपुरा में सबसे कम

**पटना 06 नवंबर (वार्ता) बिहार विधानसभा के प्रथम चरण के चुनाव में त्रिस्तरीय कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को मतदान हुआ. 121 विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 65 फीसदी वोटिंग हुई है। बेगूसराय में सबसे ज्यादा 67.32 फीसदी और शेखपुरा में सबसे कम 52.36 फीसदी वोटिंग हुई. वहीं राजधानी पटना में 55.02 फीसदी मतदान हुआ।**

प्रथम चरण के चुनाव में कुल तीन करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाताओं ने महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर बिहार के दो उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा, महागठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े पुत्र तेज प्रताप यादव समेत 1314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद कर दिया।

प्रथम चरण में 121 विधानसभा सीटों के लिये 45341 मतदान केंद्रों पर वोटिंग सुबह सात बजे शुरू हुई। सुरक्षा कारणों से मुंगेर जिले की तीन सीटें तारापुर, मुंगेर और जमालपुर के अलावा सहरसा जिले की सिमरी बख्तियारपुर, महिषी और लखीसराय जिले की सूर्यगढ़ा सीट के 56 मतदान केन्द्रों पर मतदान शाम पांच बजे समाप्त हो गया, वहीं अन्य सीटों पर मतदान शाम छह बजे समाप्त हुआ।




> बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा, जिसमें 122 सीटों के लिए मतदान कराया जाएगा। इसके बाद 14 नवंबर को मतगणना होगी और परिणाम घोषित किए जायेंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को इस वर्ष समाप्त हो रहा है।

## महनार विधानसभा क्षेत्र में सीएपीएफ जवानों पर पथराव

बिहार चुनाव में सीएपीएफ जवानों पर पथराव की घटना हुई है. जवानों पर एक दल विशेष के समर्थकों ने हमला किया. पुलिस ने हमले के वीडियो के आधार पर केस दर्ज कर लिया है. सभी जवान सुरक्षित हैं. महनार विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 53 की घटना है.

## लखीसराय में उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के काफिले पर हमला

**लखीसराय, 06 नवंबर (वार्ता)** बिहार के उप मुख्यमंत्री और लखीसराय विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में उन पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समर्थित असामाजिक तत्वों ने उनकी गाड़ी पर पथराव किया। सिन्हा ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें जानकारी मिली थी कि लखीसराय विधानसभा क्षेत्र के खुरियार इलाके में बूथ नंबर 405 पर राजद समर्थित असामाजिक तत्व कब्जा किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों ने उनकी पार्टी भाजपा के एजेंट को बूथ से जबरन हटा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद के गुंडे समाज के कुछ वर्गों के लोगों को मतदान नहीं करने दे रहे थे, जिससे पूरे इलाके में तनाव बना हुआ था।



# सिर्फ सत्ता की दोस्ती है महागठबंधन

- राजद के पोस्टर से कांग्रेस के नामदार गायब
- भागलपुर में महागठबंधन पर पीएम ने साधा निशाना

**भागलपुर, 06 नवंबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भागलपुर और अररिया में जनसभा को संबोधित किया। भागलपुर में उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन के झगड़े खुल कर सामने आ गए हैं और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पोस्टर पर कांग्रेस के नामदार का फोटो दूरबीन से भी नहीं दिख रहा है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जहां प्रदेश में विकास की गंगा बहाने में मशगूल है, वही महागठबंधन के नेता सत्ता के लोभ में एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं।**

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जब इस बात की पोल खोली गई कि कांग्रेस प्रदेश में राजद को बर्बाद करना चाहती है, तो उसके बाद दोनों पक्षों की तनातनी बढ़ गई। उन्होंने कहा राजद के नेताओं ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रख कर मजबूर किया कि उनके नामदार नेता को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह अपनी रैलियों में राजद और कांग्रेस एक दूसरे का नाम लेने से परहेज कर रहे हैं, उससे पता चलता है कि सबकुछ ठीक नहीं है। चारों तरफ भारी संख्या में राजद के पोस्टर लगे हुए हैं, लेकिन उनमें कांग्रेस के नामदार का चेहरा दूरबीन से भी नही दिख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि झगड़ा यहीं तक सीमित नहीं है, उनके एक नेता जिन्हें गठबंधन ने उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया था, आजकल खुलेआम जंगलराज की पोल खोल रहे हैं। यह कृत्रिम गठजोड़ चुनाव खत्म होने तक है और उसके बाद एक दूसरे के बाल नोचने की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने कहा कि यह युगलबंदी बिहार के सबसे भ्रष्ट और देश के सबसे भ्रष्ट परिवार के बीच है, जिसका यही अंत होना है। पीएम मोदी ने कहा कि गंगा किनारे बसे दो शहरों बनारस और भागलपुर से उनका गहरा लगाव है।



### पंद्रह साल के जंगलराज का रिपोर्ट कार्ड शून्य बट्टे सन्नाटा


**अररिया, 06 नवंबर (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के लालू- राबड़ी राज पर तंज कसते हुए कहा कि पंद्रह साल के जंगल राज का रिपोर्ट कार्ड बोलता है, शून्य बट्टे सन्नाटा। मोदी ने आज अररिया में अपनी चुनावी सभा मे राजद शासन के पंद्रह साल को शून्य से जोड़ा। उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी के पंद्रह वर्षों में बिहार में कोई एक्सप्रेसवे नहीं बना, कोई पर्यटन विकसित नहीं हुआ, शोक बन चुकी कोसी नदी पर कोई पुल नहीं बना, खेलकूद के लिए कोई परिसर विकसित नहीं हुआ, कोई आईआईटी, आईआईएम या कानून का विश्वविद्यालय नही बना। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास की गति भी शून्य के जैसी ही रही, मतलब पूरा रिपोर्ट कार्ड शून्य बट्टे सन्नाटा।

### सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रीय सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कानूनी सहायता की पहुंच बढ़ाने के लिए आठ नवंबर, शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। कार्यालय की ओर से बताया गया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) द्वारा तैयार सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण मॉड्यूल का शुभारंभ करने के साथ वहां मौजूद जनसमूह को भी संबोधित करेंगे।

# रैना और धवन की 11.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क

- धन शोधन मामले में ईडी की कार्रवाई
- भारत में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी को दिया बढ़ावा

**नई दिल्ली, 06 नवंबर। (वार्ता) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरूवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत पूर्व भारतीय क्रिकेटरों सुरेश रैना और शिखर धवन की 11।14 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की।**

कुर्की में सुरेश रैना के नाम पर 6।64 करोड़ रुपये मूल्य के म्यूचुअल फंड निवेश और शिखर धवन के नाम पर 4।5 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्ति शामिल है।

ईडी ने यहां जारी एक बयान में दोनों क्रिकटरों की चल और अचल संपति की कुर्की की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी जांच विभिन्न राज्य पुलिस एजेंसियों द्वारा अवैध अवैध विदेशी सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 1×बीईटी के खिलाफ दर्ज की गयी कई प्राथमिकियों पर आधारित है। गौरतलब है कि 1×बीईटी एक ऑनलाइन जुआ कंपनी है। कंपनी की स्थापना 2007 में हुई थी और इसका मुख्यालय साइप्रस में है।

ईडी की जांच से पता चला है कि 1×बीईटी और उसके सरोगेट ब्रांड 1×बीएटी और 1×बीएटी स्पोर्टिंग लाइन्स ने पूरे भारत में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के संचालन को बढ़ावा दिया।

एजेंसी की जांच से पुष्टि हुई कि दोनों क्रिकेटरों ने जानबूझकर 1×बीईटी के प्रतिनिधियों के माध्यम से उसे बढ़ावा देने के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ विज्ञापन समझौते किए। ये विज्ञापन, अवैध सट्टेबाजी गतिविधियों से होने वाली आय, धन के अवैध स्रोत को छिपाने के लिए विदेशी संस्थाओं के माध्यम से भुगतान के बदले में किए गए थे।

# जेल से लौट रहे पिता की गोली मारकर हत्या

- बेटे ने 6 महीने पहले चाचा-भतीजे को मारा था
- छह गोलियां मारने के बाद कार से रौंदा

नवभारत न्यूज

**मुरैना। जिले के पोरसा थाना क्षेत्र के संथरा अहीर गांव में गुरुवार को बाइक सवार व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावरों ने सैंथरा अहीर गांव के पास महावीर शुक्ला (53) के सिर में गोली मारी और मौके से फरार हो गए।**

आरोपी ने पहले महावीर पर 5-6 राउंड गोली चलाई, फिर लाश को कार से रौंद दिया। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। महावीर शुक्ला जेल से लौट रहा था। बाइक-कार से हत्यारे उसका पीछा कर रहे थे। बताया जाता है कि मृतक के बेटे ने 6 महीने पहले चाचा-भतीजे को मारा था। संभवत: उसी का बदला लिया गया है।

सूचना मिलते ही पोरसा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। वहां खून से लथपथ महावीर का शव मिला, जिसका चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था। प्रारंभिक जांच में पुरानी दुश्मनी का पता चला है। चंबल घाटी के इस इलाके में जमीन और पारिवारिक रंजिश के कारण अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन इस हत्या की क्रूरता ने सबको स्तब्ध कर दिया।

> पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। महावीर के परिवार वाले सदमे में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बदला कई महीनों से चल रही दुश्मनी का नतीजा है। पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए इलाके में गश्त बढ़ा दी है। यह घटना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

## बेडरूम में पति तो किचन में मिली पत्नी की लाश

**बालाघाट।** जिले से सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां 6 नवंबर को एक दंपति के शव उनके घर में मिले हैं। मामला जिले के कटंगी मुख्यालय के वार्ड नंबर 2 का है। यहां निवासी रमेश हाके और उनकी पत्नी की गुरुवार को उन्हीं के घर से लाश बरामद की गई है। दोनों का गला धारदार हथियार से काटा गया नजर आ रहा है। जिसके बाद जांच में मामला हत्या का लग रहा है। दोनों कटंगी से तुमसर रोड पर वार्ड दो निवासी थे। पुलिस की टीम जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि बालाघाट के रमेश हाके इरिगेशन डिपार्टमेंट में ड्राइवर था जो 4 साल पहले रिटायर हुआ था।

**बिहार चुनाव** राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बोला तीखा हमला


# बिहार के युवाओं को 21वीं सदी का दिया नशा

**पूर्णिया, 06 नवंबर (वार्ता) लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को पूर्णिया जिले के कस्बा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया और कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार के युवाओं को '21वीं सदी का नशा दे दिया है।'**

उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि बिहार के युवाओं की जेब में पैसा आए, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी उन्हें रील बनाने में उलझा रहे हैं। रील से जो कमाई होती है वह आपकी जेब में नहीं जाती, बल्कि जिओ, अडानी और अंबानी की जेब में जाती है उन्होंने सोशल मीडिया की लत को नई पीढ़ी के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि, रील, फेसबुक और इंस्टाग्राम 21वीं सदी का नशा हैं।



### क्या पागलपन है, मैं भारत कभी नहीं गई



**ब्राजीलियन मॉडल ने कहा- कांग्रेस सांसद राहुल ने दिखाई थी फोटो**

**नई दिल्ली, 06 नवंबर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट की गड़बड़ी में जिस ब्राजीलियाई मॉडल का जिक्र किया था। उसका बयान आ गया है। हिन्दुस्तान से हजारों किलोमीटर दूर रहने वाली इस महिला का नाम लरिसा है। महिला का कहना है कि उसका भारत की राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। उसकी तस्वीर को किसी ने स्टॉक इमेज से खरीदा है। और इस तस्वीर का गलत इस्तेमाल किया गया है। लरिसा का कहना है कि इस मामले के बाद उसे दर्जनों भारतीय पत्रकारों के मैसेज आ रहे हैं। इस महिला ने ब्राजिलियाई भाषा में इंस्टाग्राम पर अपना मैसेज जारी किया है। इस मैसेज का हिंदी अनुवाद हम आपको बता रहे हैं।